भजन

सूरत संभारो पिया को निहारो,अपने पिया पर बलिहारी हम
देख छवि को सब सुख पाओ,अपने पिया पर बलिहारी हम

1–ऐ री सखी मंगल गाओ री,धरती अम्बर सजाओ री
मिलेगी पिया से पिया की प्यारी
ऐसा सिंगार सजाओ री,पिऊ प्यारे को रिझाओ री
पिऊ की खुशी में खुशीयां हैं सारी

2– पिया के रंग मिले,दिल रूहों के खिले
पिऊ प्यारे ने हमें रंग डाला
पिहु पिहु पपीहा रटे,कुहू कुहू कोयल जपे
अर्श झूम उठा है सारा

3– जिसे पहचान मिली,घूमें अर्श गली
देखे पिया का वोह नूरी नजारा
पिया संग रूहें चलीं,एक दूजी से मिलीं
पावे पिया का प्यार वोह प्यारा